शासकीय स्वशासी कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

छात्रावास डॉ. सुनीता त्रिपाठी

प्रतिवेदन सत्र 2223–2024 छात्रावास अधीक्षक

जिले के केन्द्र में स्थित शासकीय स्वशासी कन्या उत्कृष्टता स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्त्री शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं बडी शासकीय इकाई हैं। उच्च शिक्षा में अग्रणी यह संस्था कन्या शिक्षा का आदर्श एवं उत्कृष्टता केंन्द्र हैं। जहॉ दूरस्थ क्षेत्रों से उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए आवासीय व्यवस्था हैं जों कन्या छात्रावास के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में कन्या छात्रावास में कोविड के कारण कम प्रवेश हुए जिससे छात्राओं की संख्या 39 हैं।

छात्रावास परिसर :– छात्रावास परिसर में सभी आवश्यक सुविधायुक्त लगभग 50 कक्ष हैं जिनमें छात्राऐं सुविधापूर्वक रह सकती हैं। कक्षो में पलंग , पंखा, अलवारी , पढने की टेबिल ,कुर्सी एवं उत्तम प्रकाश की व्यवस्था हैं, इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उत्सवो को मनाने के लिए हॉल हैं, एवं खेल कूद के लिए बेडमिंटन,कैरम,टेविल टेनिस, की पर्याप्त सुविधा हैं ।

भोजन व्यवस्था :– भोजन व्यवस्था के लिए कुशल महिलाऐ रसोइयॉ द्वारा पोषण युक्त एवं मौसम जलवायु के उपर्युक्त आहार व्यवस्था हैं । प्रातः 6.30 बजे चाय भोजन सुबह 10.30 बजे एवं 3 बजे दोपहर नाश्ता तथा रात्रिकालीन 7 बजे से भोजन व्यवस्था हैं जिसमे प्रतिदिन संपूर्ण भोजन दाल ,चावल, रोटी ,सब्जी सलाद की दोनो पालियो में व्यवस्था हैं

अन्य सुविधा :– छात्राओं के लिए वाटरकूलर स्वच्छ पेयजल 24 घण्टे प्राप्त हैं, इसके साथ फ्रिज, वाटर प्यूरी फायर,शीतकाल में गर्म पानी के लिए गीजर, छात्राओं हेतु बडें–बडें शीशे व्यक्तिव्य विकास हेतु समय पर योग प्रशिक्षण जो महाविधालय की जनभागीदारी समिति के सौजन्य से किया जाता हैं।

छात्रावास पर्यावरण :– छात्रावास के चारो ओर स्वच्छ हवादार एवं प्राकृतिक सौंदर्ययुक्त वातावरण हैं एवं चारो ओर उॅची दीवारे हैं छात्रावास में छात्राओं की सुरक्षा हेतु दो केयर टेकर दिन व दो केयर टेकर रात्रि में उपलब्ध रहती हैं। महाविधालय के मुख्य द्वार पर 24 घंटे गार्ड व 1 गनमेन की व्यवस्था ने छात्रावास परिसर को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण दिया हैं। यही कारण हैं अभिभावक अपनी बेटी को छात्रावास में रखने के लिए पूर्णरूप से तैयार रहते हैं।